लोकसभा अध्यक्ष ने ओणम के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 30 अगस्त, 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज सभी देशवासियों को ओणम के पर्व पर हार्दिक बधाई दी। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"सभी देशवासियो को ओणम के त्यौहार की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। दक्षिण भारत और विशेष रूप से केरल में मनाया जाने वाला यह त्यौहार हमारी विविधता, सांस्कृतिक समृद्धि, सांप्रदायिक सौहार्द और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है । साथ ही इसकी मूल भावना में सामाजिकता और आत्मत्याग है । इसके मूल में सम्राट महाबली की दानशीलता है जब उन्होंने वामन को दिए हुए वचन के पालन के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया था।

आज जबकी पूरा विश्व कोरोना महामारी के गंभीर संकट से गुज़र रहा है, हमें सम्राट महाबली के आत्मत्याग, दानशीलता और बलिदान की भावना को आत्मसात करने की जरुरत है। ऐसे संकट से हम तब तक सफलतापूर्वक मुक़ाबला नहीं कर पाएंगे जब तक समाज का हर वर्ग एक दूसरे के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर खड़ा नहीं रहेगा।

मेरी ईश्वर से कामना है कि ओणम पर्व समस्त देशवासियों के जीवन में सुख समृद्धि लेकर आए। आप सब पूरे परिवार सहित स्वस्थ रहें, सानंद रहें, अपनी खुशियों में अपने आसपास के लोगों को भी सम्मिलित करें । ओणम के शुभ अवसर पर बनने वाली रंगोली के समान आपके जीवन में विविध रंगों का समावेश रहे ।"